जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/परीक्षा–2/गोपनीय/2012/1218 दिनांक : 14/06/2012

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या/वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष,
निम्न संबंधित महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

विषयः–विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं के बण्डलों को निर्देशानुसार कपड़े की अच्छी मार्किन की थैली में पैकिंग न कर एवं कागज के लिफाफों का प्रयोग कर उत्तरपुस्तिकाओं को सुरक्षित गोपनीय तरीके से प्रेषित न कर परीक्षा अत्यावश्यक कार्य में सहयोग प्रदान न करने बावत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयांर्तगत पूर्व में आपको यह स्पष्ट निर्देश दिये गये थे कि विश्वविद्यालय द्वारा उत्तरपुस्तिकाओं का संग्रह भारतीय डाक विभाग के द्वारा कराया जा रहा है। अतः आप उत्तरपुस्तिकाओं को पहले सुतली से बांधकर कपड़े की अच्छी मार्किन की थैली में पैक कर चपड़ी से सील्ड कर भेजें। किसी भी स्थिति में कागज के थैले का प्रयोग न करें तथा साथ ही परीक्षाओं के डॉकेटों के लिफाफों को प्रतिदिन प्रेषित न कर परीक्षा समाप्ति पर एक साथ एक बड़े लिफाफे में रखकर विश्वविद्यालय को प्रेषित करें।

भारतीय डाक विभाग द्वारा यह सूचित किया गया है कि आपके महाविद्यालय ने उत्तरपुस्तिकाओं को निर्देशानुसार कपड़े की अच्छी थैली में पैक कर नहीं भेजा है जिससे बण्डल फटी हुयी स्थिति में प्राप्त हुये हैं जिससे उनकी गोपनीयता एवं गंतव्य स्थान तक पहुँचाने में अत्याधिक कठिनाई उपस्थित हुई है :–

1. शासकीय एम.जे.एस. कॉलेज, भिण्ड
2. जैन कॉलेज, भिण्ड
3. शासकीय नेहरू कॉलेज, अशोकनगर
4. विश्वनाथ प्रताप सिंह कॉलेज, लहार
5. विद्यावती कॉलेज, भिण्ड
6. शासकीय महाविद्यालय, पोरसा
7. जय माता दी कॉलेज, मुरैना
8. शासकीय पी0जी0 कॉलेज, गुना
9. एन0ए0एस0 कॉलेज, पोरसा
10. आर0व्ही0एस0 कॉलेज, पोरसा
11. एल0एस0के0जी0 कॉलेज, पोहरी

अतः आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि आप विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं को कपड़े की अच्छी मार्किन की थैली में पैक कर चपड़ी से सील्ड कर प्रेषित करें। यदि भविष्य में आपके महाविद्यालय की कोई शिकायत प्राप्त होती है तो आपके महाविद्यालय को विश्वविद्यालय द्वारा अग्रेषण राशि का भुगतान नहीं किया जावेगा।

कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

1. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा ग्वालियर एवं चम्बल संभाग, मोतीमहल परिसर, ग्वालियर को सूचनार्थ प्रेषित।
2. अधीक्षक, भारतीय डाक विभाग, ग्वालियर म0प्र0।
3. उप–कुलसचिव/सहा–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वा0।
4. वित्ताधिकारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
6. कुलसचिव के गोपनीय/निजी सहायक, जी.वि.वि.ग्वालियर

उप–कुलसचिव (गोपनीय/परीक्षा)